श्रीरामचरितमानस अब विश्व का सबसे लंबा गीत : बनारस के जगदीश के नाम हुआ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

चर्चा में क्यों?

23 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामचरितमानस अब विश्व का सबसे लंबा गीत बन चुका है। उत्तर प्रदेश के बनारस के डॉ. जगदीश पिल्लई ने 138 घंटे 41 मिनट और 20 सेकेंड के श्रीरामचरितमानस गीत को अपनी आवाज़ दी है।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि इसके पहले यह रिकॉर्ड अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम के नाम था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही अमेरिका के नाम दर्ज ये रिकॉर्ड अब भारत के नाम हो चुका है।
- डॉ. जगदीश पिल्लई उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा यानी पाँच बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी बन गए हैं।
- राज्य के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने डॉ. जगदीश पिल्लई को उनके घर जाकर गिनीज प्रमाणपत्र प्रदान किया।
- गौरतलब है कि डॉ. जगदीश पिल्लई ने हिन्दी भाषी न होने के बावजूद अवधी में इतने सुंदर एवं भावनात्मक तरीके से भजन व कीर्तन के साथ इतने लंबे गीत को खुद धुन देकर गाया और इसे गिनीज बुक में दर्ज कराया। उन्हें इस काम को पूरा करने में चार साल का समय लग गया।
- श्रीरामचरितमानस गीत दुनिया भर के 100 से अधिक ऑडियो चैनल पर प्रसारित हो चुका है। इसलिये गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने श्रीरामचरितमानस को लांगेस्ट ऑफिशियिली रिलीज्ड साँग यानि आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त दुनिया के सबसे लंबे गाने के रूप में दर्ज किया है।
- ज्ञातव्य है कि अब तक का सबसे लंबा गीत 115 घंटे 45 मिनट का था जो एक दिसंबर 2021 को सेंट एल्बंस हर्टफोर्डशायर (यूके) में रहने वाले मार्क क्रिस्टोफर ली और द पॉकेट गॉड्स ने गाया था। उन्होंने एक ही तरह के वाद्य संगीत बजाकर इस रिकॉर्ड को हासिल किया था।
- डॉ. जगदीश पिल्लई ने बताया कि 2016 से ही दुनिया के सबसे लंबे गाने के रिकॉर्ड को तोड़ने की इच्छा थी। उनका कहना है कि जिब भारत में रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ हैं तो यह रिकॉर्ड भी भारत के ही नाम होना चाहिये। अवधी भाषा में होने के कारण पहले बोलचाल और उच्चारण को समझने के लिये मित्र प्रदीप मिश्रा की मदद ली।
- इसके बाद रिकॉर्डिंग के लिये मित्र दीपक जायसवाल से संपर्क किया। दीपक जायसवाल को भी गिनीज पार्टसिपिशन सर्टफिकिट से सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि डॉ. जगदीश पिल्लई ने बनारस का नाम पहली बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 2012 में दर्ज कराया था। उन्होंने सबसे कम समय में एनीमेशन मूवी बनाकर 2012 में एक कैनेडियन का रिकॉर्ड तोड़ा था। कैनेडियन ने जो काम छह घंटे में किया था, डॉ. पिल्लई ने उसे साढ़े तीन घंटे में पूरा किया।
- दूसरा रिकॉर्ड 16,300 पोस्टकार्ड से लांगेस्ट लाइन ऑफ पोस्टकार्ड बनाया। तीसरी बार लार्जेस्ट पोस्टर अवेयरनेस कैंपेन और चौथी बार योगा जनजागरूकता अभियान के तहत सबसे लंबा लिफाफा बनाकर अपना नाम गिनीज रिकॉर्ड में दर्ज कराया था।
- वैदिक विज्ञान में पीएचडी करने वाले डॉ. पिल्लई पाँच सौ से ज्यादा पुस्तकों के लेखक हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/https-www-drishtiias-com-hindi-online-pendrive-courses-uppcs-mains-live-online-course-2023